कार्यालय वन संरक्षक एवं क्षेत्रीय निदेशक, मुरादाबाद क्षेत्र, मुरादाबाद।

पत्रांक-569 / 14–1, दिनांक, मुरादाबाद, अगस्त 23 2017

सेवा में,

मुख्य वन संरक्षक / नोडल अधिकारी,
उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

विषय :– जनपद बिजनौर में धामपुर–नूरपुर मार्ग (एम0डी0आर0–03) किमी0 30.336 की बांयी पटरी पर खसरा संख्या–205 / 1, ग्राम नूरपुर तहसील चॉदपुर जिला बिजनौर में मै0 एस्सार आयल लि0 नोएडा द्वारा विकसित किये जा रहे रिटेल आउटलेट के सम्पर्क मार्ग हेतु 0.064318 है0 संरक्षित वन भूमि का बिना वृक्ष पातन के गैर वानिकी प्रयोग की अनुमति।

सन्दर्भ :– आपकी पत्र संख्या–2401 / बिजनौर / 18982 / 2017, दिनांक 24–05–2017.

महोदय,

उपरोक्त संदर्भित पत्र के द्वारा विषयक प्रस्ताव में आप द्वारा लगायी गई आपत्तियों का निराकरण प्रभागीय निदेशक, सा0वा0 प्रभाग, बिजनौर द्वारा बिन्दुवार आख्या निम्न प्रकार प्रेषित की है। अतः प्रभागीय निदेशक, सा0वा0 प्रभाग, बिजनौर से प्राप्त आख्या / संशोधित प्रस्ताव की 3 प्रतियां मूल में अग्रेत्तर कार्यवाही हेतु संलग्न कर आपकी सेवा में प्रेषित है :–

Observation No.	Observation Of Nodal	Reply
1	प्रस्ताव के साथ संलग्न अनुमोदित ले–आउट प्लान के अनुसार मार्ग के किनारे से लो0नि0वि0 की बाउन्ड्री सीमा की दूरी 16.30 मी0 होती है, किन्तु गणना 17.836 मी0 के अनुसार की गयी है, तदनुसार गणना त्रुटिपूर्ण है। संशोधित गणना के अनुसार प्रस्ताव तैयार कर इस कार्यालय को उपलब्ध कराने का कष्ट करें।	अनुमोदित ले–आउट प्लान के अनुसार मार्ग के किनारे से लो0नि0वि0 की बाउन्ड्री सीमा की दूरी 16.30 मी0 होती है, तदनुसार गणना पुनः संशोधित कर प्रस्ताव तैयार कर प्रेषित किया जा रहा है।।
2	संशोधित गणना के अनुसार प्रस्तावित वन भूमि की एन0पी0वी0 की गणना प्रस्ताव के साथ संलग्न करे एवं उक्त गणना को ऑनलाईन पार्ट–2 के Additional Information Details में अपलोड करने का कष्ट करें।	संशोधित वन भूमि की गणना के अनुसार एन0पी0वी प्रमाण पत्र संशोधित कर दिया गया है एवं ऑनलाईन पार्ट–2 के Additional Information Details में अपलोड कर दिया गया है।

संलग्नक–यथोपरि।

भवदीय,

(आर0पी0 वर्मा)
वन संरक्षक एवं क्षेत्रीय निदेशक,
मुरादाबाद क्षेत्र, मुरादाबाद।

संख्या / 14--1 उक्तदिनांकित

प्रतिलिपि :– प्रभागीय निदेशक, सा0वा0 प्रभाग, बिजनौर को उनके पत्र संख्या–536 / 14–1,दिनांक 14–08–2017.के कम में इस निर्देश के साथ प्रेषित कि आप अपने माध्यम से विषयक प्रस्ताव ***(इस कार्यालय से प्राप्त कर)*** मुख्य वन संरक्षक / नोडल अधिकारी,उत्तर प्रदेश लखनऊ के कार्यालय में यथाशीघ्र /तत्काल उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

(आर0पी0 वर्मा)
वन संरक्षक एवं क्षेत्रीय निदेशक,
मुरादाबाद क्षेत्र, मुरादाबाद।